# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–28.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- लोकसभा चुनाव के छठे चरण में झारखंड के चार सीटों के लिए कल जारी होगी अधिसूचना, पांचवे चरण की तीन सीटों और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी।
- जेपीएससी सिविल सेवा मुख्य परीक्षा बाईस से चौबीस जून तक, पीटी पास अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू।
- झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के डीजीपी और गृह सचिव को नशे के कारोबार को रोकने के सिलसिले में हलफनामा दायर करने का दिया निर्देश।
- मौसम विभाग ने राज्य के ग्यारह जिलों में बढ़ती गर्मी और लू को लेकर जारी किया ऑरेंज अलर्ट, राज्यभर में दो से तीन डिग्री तापमान बढ़ने की संभावना।  और,
- झारखंड क्रिकेट अंडर–15 की खिलाड़ी पलक कुमारी का चयन राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में, अनंतपुर में कल से शुरू हो रहे विशेष कैम्प में लेगी भाग।

***************

रांची, गिरिडीह, धनबाद और जमशेदपुर लोकसभा सीटों पर अगले महीने की पच्चीस तारीख को होने वाले मतदान के लिए कल अधिसूचना जारी हो जाएगी। इसी के साथ इन सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। इस सीट के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि छह मई है। नौ मई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इस संबंध में रांची समाहरणालय के कमरा संख्या तीन सौ बारह से अभ्यर्थी नामांकन पत्र खरीद सकते हैं। कमरा संख्या दो सौ दो में निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल होगा। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने इसको लेकर समाहरणालय परिसर की सुरक्षा को और सख्त करने का निर्देश दिया है। गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भी नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इंडी गठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन कल नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस कार्यक्रम में उनके साथ मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और झामुमो के कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे। इसके बाद एक जनसभा भी आयोजित होगी।

***************

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में एनडीए सरकार ने देश की प्रमुख समस्याओं का स्थायी समाधान निकालने की कोशिश की है। कल महाराष्ट्र के कोल्हापुर में तपोवन मैदान पर जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि देश की महिलाएं और युवा हमेशा से उनकी सरकार की प्राथमिकता रहे हैं। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के बारे में श्री मोदी ने आत्मनिर्भर भारत और एनडीए सरकार की स्टार्टअप इंडिया पहल का उल्लेख किया।

***************

चतरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा है कि एक मई को जिला निर्वाचन कार्यालय खुला रहेगा। जो भी प्रत्याशी नामांकन दाखिल करना चाहते हैं वह इस दिन नामांकन दाखिल कर सकते है। चतरा लोक सभा सीट पर अधिसूचना जारी होने के पहले दिन दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन करने वाले उम्मीदवारों में बीजेपी के काली चरण सिंह, निर्दलीय अभिषेक सिंह शामिल थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप ने बताया है कि अब तक  बारह उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदा है।

***************

झारखंड में चार चरणों में लोकसभा का चुनाव होना है। नामांकन की प्रकिया शुरू हो गयी है। इस बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चालीस स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, जिसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व सीएम और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन को मुख्य प्रचारक बनाया गया है। वहीं मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन के अलावा नलिन सोरेन, प्रोफेसर स्टीफन मरांडी, मथुरा प्रसाद महतो, सविता महतो सहित अन्य को स्टार प्रचारक की जिम्मेदारी दी गई है।

***************

झारखंड लोक सेवा आयोग की झारखंड संयुक्त सिविल सेवा मुख्य परीक्षा बाइस से चौबीस जून तक होगी। मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया कल से प्रारंभ हो गया है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि सोलह मई है। परीक्षा में भाग लेने के लिए वैसे अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकेंगे जो प्रारंभिक परीक्षा में सफल हुए हैं। आयोग ने हाल ही में परीक्षा का परिणाम जारी किया है। इसमें सात हजार ग्यारह अभ्यर्थी सफल घोषित हुए हैं।

***************

गुमला में लोकसभा चुनाव को लेकर 13 मई को मतदान होना है। कल नामांकन सूची जारी होना है।

***************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

***************

झारखंड हाईकोर्ट ने खूंटी जिले में अफीम की खेती में खतरनाक वृद्धि को गंभीरता से लेते हुए स्वतः संज्ञान लिया तथा समाज और अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव पर गहरी चिंता व्यक्त की। एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने कहा कि नशे का प्रसार पीढ़ियों को बर्बाद कर रहा है। इधर, रांची पुलिस ने ड्रग्स कारोबार में शामिल अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने वाट्सऐप हेल्पलाइन नंबर जारी कर आम लोगों से लोकेशन भेजकर नशा के तस्करों और अपराधियों को गिरफ्तार करने में पुलिस की मदद करने की अपील की है। हेल्पलाइन नंबर–9153886238 पर लोकेशन और सूचना दी जा सकती है। पिछले दो महीने में पुलिस ने अभियान चलाकर पचास से अधिक नशा कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

***************

उत्तर–पश्चिम से चल रही गरम हवा ने झारखंड के लोगों को परेशान कर दिया है। मौसम विभाग ने राज्य के ग्यारह जिलों में आज से सीवियर हीट वेव (भीषण लू) चलने की चेतावनी जारी की है, इन जिलों में धनबाद, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां, देवघर, गोड्डा, साहिबगंज, दुमका, पाकुड़, जामताड़ा शामिल हैं। मौसम विभाग ने इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दूसरी तरफ राजधानी रांची में आज हल्के बादल छाये रहने की संभावना है।

रांची सहित खूंटी, रामगढ़, गढ़वा, पलामू जिला में लू चलेगी। मौसम विभाग ने इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, रांची सहित पूरे राज्य में 29, 30 अप्रैल तथा एक मई को लू चलेगी और अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी होगी।

***************

रांची के बूटी क्रिकेट क्लब की खिलाड़ी कुमारी पलक का चयन नेशनल क्रिकेट अकादमी (बीसीसीआई) के लिए किया गया है। कुमारी पलक बाएं हाथ की बैटर और दाएं हाथ की मध्यम तेज गति की गेंदबाज हैं। हाल ही में पलक का चयन स्टेट अंडर–15 टीम में हुआ था। वह कप्तान चुनी गई थीं। कैंप अनंतपुर में कल अप्रैल से तेईस मई तक चलेगा। इस उपलब्धि पर कोच पंचित कुमार महतो और क्लब के सदस्यों ने पलक को सम्मानित किया।

***************

आईपीएल क्रिकेट में आज गुजरात टाइटंस का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू से अहमदाबाद में होगा। यह मैच दोपहर साढ़े तीन बजे से शुरू होगा। एक अन्य मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शाम साढ़े सात बजे से चेन्नई में होगा। वहीं कल के मैच में राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को सात विकेट से हरा दिया। राजस्थान ने एक सौ संतानबे रन का लक्ष्य तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। राजस्थान रॉयल्स के संजू सैमसन को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

***************

अखबारों की सुर्खियों से

राजधानी रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी कोर्ट द्वारा प्रोविजनल बेल देने से इंकार की खबर और लोकसभा चुनाव की गतिविधियों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक हिन्दुस्तान की सुर्खी है–हेमंत सोरेन को ईडी कोर्ट से नहीं मिली प्रोविजनल बेल।

प्रभात खबर ने भूगर्भ जल के बेतरतीब दोहन की चिंता जाहिर करते हुए लिखा है–रांची का शहरी क्षेत्र डेंजर जोन में, भूगर्भ जलस्तर 10 मीटर से नीचे।

दैनिक भास्कर ने लोकसभा चुनाव की सुर्खी बनाते हुए लिखा है झारखंड में तीसरे चरण की 4 सीटों के लिए 29 को अधिसूचना।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–मांडर में स्कूल बस पलटी, डेढ़ दर्जन बच्चे घायल।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है पुलिस की स्पेशल टीम ने चतरा में 40 लाख के अफीम को किया बरामद, माफियाओं में हड़कंप।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने पूर्व सांसद रामटहल चौधरी के कांग्रेस पार्टी को छोड़ने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

टाइम्स ऑफ इंडिया ने गर्मी के कारण स्कूलों में बाहरी गतिविधियों की रोक की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।

*****************